APP-A
Crim-1

FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

बाजदायरी स्वीकार 12/10/18

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी मुकाम अजमेर

डल्ला पुत्र मानसिंह जाति रावत नि. ग्राम लोडयाना तह. व जिला अजमेर। बनाम सुरमा पुत्र भीमा जाति रावत नि. ग्रा. लोडयाना तह. व जिला अजमेर वगै.

किस्म मुकदमा प्रार्थना बाजदायरी नम्बर 306 सन् 2018 (अजमेर (लोडयाना))

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर 2018/00306 श्री जी. एस. लखावत श्री	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
12.10.18	यह प्रार्थना पत्र बाजदायरी श्री जी.एस.लखावत एड़वोकेट ने न्यायालय हाजा के आदेश दिनांक 28.09.2018 द्वारा अपील को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने के विरूद्ध पेश किया गया। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर जों। अभिभाषक प्रार्थी ने निवेदन किया कि प्रार्थना पत्र बाजदायरी पर सुनवाई की जावें। अभिभाषक प्रार्थी की प्रार्थना पत्र पर एक पक्षीय बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने बहस प्रार्थना पत्र निवेदन किया कि न्यायालय हाजा द्वारा बरवक्त लगवाने जाने आवाज प्रार्थी/अधिवक्ता अन्य न्यायालय में बहस में व्यस्त होने के कारण बरवक्त न्यायालय हाजा के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकें इसलिए न्यायालय द्वारा अपील को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज फरमा दी। न्यायालय हाजा से अनुरोध है कि प्रार्थना पत्र स्वीकर किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर किया जावें। अभिभाषक प्रार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन हम न्यायहित में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर अपील का निर्णय गुणावगुण पर करना उचित समझते हैं। अतः प्रार्थना पत्र बाबत् बाजदायरी स्वीकार किया जाता हैं तथा न्यायालय हाजा का आदेश दिनांक 28.09.2018 निरस्त किया जाता हैं एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिया जावें। प्रार्थना पत्र फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों। राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	